3 साल में राजधानी के हर घर को नल से मिलेगा साफ पानी

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

राजधानी में तीन साल के दौरान लोगों को 24 घंटे उनके घरों में नल से साफ पानी मिलेगा। वहीं, 2024 तक यमुना भी पूरी तरह साफ हो जाएगी। पानी की किल्लत को कम करने के लिए प्रोडक्शन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। बीते कुछ सालों में पानी का उत्पादन 70 एमजीडी तक बढ़ा है। इस साल पानी का उत्पादन 55 एमजीडी तक बढ़ गया है।

बजट में जानकारी दी गई कि राजधानी में पानी की उपलब्धता करीब 10 प्रतिशत बढ़ चुकी है। पहले जहां प्रतिदिन 815 एमजीडी पानी उपलब्ध हो रहा था। अब वह बढ़कर 985 एमजीडी हो गया है। दिल्ली सरकार ने दूसरे प्रदेशों से नदियों के पानी का बेहतर प्रबंधन किया है। इसके अलावा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को भी काफी बढ़ावा दिया गया है। यही वजह है कि तीन साल में राजधानी में 24 घंटे हर घर में पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी। वहीं, राजधानी के लोगों को 2015 में 20 किलो लीटर पानी प्रति उपभोक्ता मुफ्त उपलब्ध कराने की योजना इस साल भी जारी रहेगी। इस योजना की वजह से 6.50 लाख उपभोक्ताओं का पानी का बिल हर महीने जीरो आ रहा है। इसी तरह इस साल के अंत तक अनधिकृत कॉलोनियों मे सीवर पहुंचाने का काम 100 प्रतिशत तक पूरा कर लिया जाएगा।

आने वाले दो सालों में यमुना हो जाएगी साफः वहीं, यमुना आने वाले दो सालों में पूरी तरह साफ हो जाएगी। यमुना को साफ करने की मुहिम अब काफी तेजी से आगे बढ़ रही है। यमुना में गिरने वाले सभी नालों को इंटरसेप्ट करके या तो एसटीपी में ले जाकर उसके पानी को साफ किया जाएगा या फिर उनका इन सीटू ट्रीटमेंट करके साफ पानी में बदला जाएगा। इसी तरह ट्रीटेड पानी के इस्तेमाल करने की पॉलिसी पर भी राजधानी में काम शुरू हो चुका है। इसके तहत यह पानी बड़े ग्रीन बेल्ट, फॉरेस्ट, फॉर्म हाउस और हॉर्टिकल्चर के लिए दिया जाएगा। इससे हजारों बोरवेल भी बंद होंगे और राजधानी का भूजल स्तर बढ़ेगा।

■ पहले राजधानी में प्रतिदिन 815 एमजीडी पानी उपलब्ध हो रहा था, अब 985 एमजीडी हो गया है

■ पानी का उत्पादन 70 एमजीडी तक बढ़ा है, जबकि इस साल पानी का उत्पादन 55 एमजीडी तक बढ़ गया